न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 52/23 तारीख दायर 27/3/2023

महावीर पुत्र कन्हैयालाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

......................प्रार्थी

बनाम

1. भैरुलाल पुत्र नन्दलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी गुढ़ा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. राजेश कुमार पुत्र ज्ञानमल जाति जैन उम्र वयस्क निवासी पुरानी आबादी माण्ड़लगढ़ माण्ड़लगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज0)

................विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

–: आदेश :–

दिनांक 26/4/23

प्रार्थना पत्र प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक **श्री मुकेश कुमार धाकड़ एडवोकेट** प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते भूमि **मौजा ग्राम गुढ़ा पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 221 पर अंकित आराजी संख्या 703/1 रकबा 0.6475 हैक्टेयर भूमि** है विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2076–2079 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक कांस्या को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेकार्ड एक्ट स्वीकार किया जाकर **उक्त मौजा ग्राम गुढ़ा पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 221 पर अंकित आराजी संख्या 703/1 रकबा 0.6475 हैक्टेयर भूमि** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100 /– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या –52/2023 तारीख दायर 27/03/2023

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या 52/ 2023 पत्थरगढ़ी बाबत्।

महावीर पुत्र कन्हैयालाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज.)

.........................प्रार्थी

बनाम

1. भैरूलाल पुत्र नन्दलाल जाति धाकड़ उम्र वयस्क निवासी गुढ़ा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. राजेश कुमार पुत्र ज्ञानमल जाति जैन उम्र वयस्क निवासी पुरानी आबादी माण्ड़लगढ़ तहसील माण्ड़लगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज.)

................विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है जाकर **मौजा ग्राम गुढ़ा पटवार हल्का गुढ़ा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में खाता संख्या 221 पर अंकित आराजी संख्या 703/1 कुल किता 1 रकबा 0.6475 हैक्टेयर भूमि** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षक कांस्या को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं एंव कमिशनर फीस 500/– रूप्ये वक्त पत्थरगढ़ी प्रार्थी अदा करेगा । पत्थरगढ़ी करने से पुर्व पड़ोसी एंव विपक्षीगणो को सुचित करे।

पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ

उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ भीलवाड़ा

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)